प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 24.07.2024

- **जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा पीडित/गुमशुदाओं की तलाश हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत 01 गुमशुदा/पीडित व्यक्ति को किया गया सकुशल बरामद।**
- **थाना शिवली पुलिस की कार्यवाही से मु0अ0सं0 128/2023 धारा 364/302/201 भा0द0वि0 से सम्बन्धित पीडित/गुमशुदा को सकुशल बरामद कर परिजनों के चेहरे पर लौटाई खुशी।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में पीडित/गुमशुदाओं की तलाश हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, दिनांक 08.04.2023 को गुमशुदा/पीडित के भाई/वादी श्री श्यामजी कश्यप पुत्र श्री प्यारेलाल निवासी सरवा टप्पा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात द्वारा थाना शिवली पर माननीय न्यायालय के आदेश से मु0अ0सं0 128/2023 धारा 364/302/201 भा0द0वि0 बनाम 04 नफर अभियुक्तगण पंजीकृत कराया गया था एवं अभियोग पंजीकृत होने से पूर्व थाना शिवली पर गुमशुदगी दर्ज की गयी थी और थाना शिवली पुलिस टीम लगातार गुमशुदा/पीडित की तलाश हेतु सार्थक प्रयास कर रही थी। अन्ततः आज दिनांक 24.07.2024 को थाना शिवली पुलिस को मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 128/2023 धारा 364/302/201 भा0द0वि0 से सम्बन्धित पीडित/गुमशुदा श्री घनश्याम कश्यप पुत्र श्री प्यारेलाल कश्यप निवासी ग्राम सरवा टप्पा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात को कल्याणपुर तिराह कस्बा व थाना शिवली से समय लगभग 15.00 बजे सकुशल बरामद कर लिया गया। गुमशुदा के सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

बरामद गुमशुदा का विवरण –
श्री घनश्याम कश्यप पुत्र श्री प्यारेलाल कश्यप निवासी ग्राम सरवा टप्पा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात उम्र 24 वर्ष ।

गुमशुदा से पूछताछ का विवरण- गुमशुदा घनश्याम उपरोक्त ने बताया कि मेरी पत्नी पूजा से घरेलू बातों को लेकर मेरा विवाद हो गया था, जिससे मैं दिनांक 25/06/2022 घर पर बिना बताये दिल्ली चला गया तथा दिल्ली में काम करता रहा । पीडित ने बताया कि मुझे गुमशुदगी/मुकदमे की जानकारी नही थी। परिवारीजनों ने शंका के आधार पर मेरे ससुरालीजनों के विरुद्ध मेरे द्वारा सूचना न देने के कारण मेरा अपहरण का मुकदमा थाना शिवली में लिखा दिया था, जो कि गलत है मेरे साथ किसी प्रकार का कोई अपराध नही हुआ है ।

गुमशुदा बरामद करने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-
1. प्र0नि0 श्री कृष्णा नंद राय
2. हे0का0 478 विजय कुमार
3. का0 877 सत्यवीर सिंह